आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के 5 मेडिकल कॉलेजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा तकनीक से लैस किया जाएगा। आई.जी.एम.सी शिमला में केंद्रीय छात्र संघ द्वारा कल आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में केवल आधुनिक तकनीक ही नहीं बल्कि उसके साथ पैरा मेडिकल स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ की भी आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में आई.जी.एम.सी, चमियाणा, नैरचौक, हमीरपुर और टांडा मेडिकल कॉलेज में सभी जरूरी पदों पर भर्ती करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मरीजों को प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

*आने वाले एक साल के अंदर पहली स्टेज में चमियाना, आईजीएमसी, नैर चौक, हमीरपुर और टांडा मेडिकल कॉलेज वर्ल्ड क्लास मेडिकल टेक्नोलजी से लेस कर दिए जाएंगे मेडिकल कॉलेज ही नहीं चाहिए उसके साथ और जो पैरा स्टाफ होते है मैंने दिशानिर्देश दिए है कम से कम इन मेडिकल कॉलेज में हम अगले 6 महीनों में हम और ज्यादा मेडिकल कॉलेज में और ज्यादा नियुक्ति करने हम जा रहे है ताकि हैल्थ सेक्टर हिन्दुस्तान में जो ईलाज एम्स में होता है जो क्वालटी जो एम्स में होती है उसी क्वालिटी को हम अपने पांच मेडिकल कॉलेजों में पहली स्टेज में हम शुरू करे सारी टैक्नोलजी के लिए हम तीन हजार करोड़ रुपये हम खर्च करने जा रहे है।*

नडडा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नडडा 12 दिसंबर को दो दिवसीय शिमला दौरे पर आएंगे। वे 13 दिसम्बर को भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे शिमला के पीटरहॉफ में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस जनसभा में प्रदेश के लगभग 21 विधानसभा क्षेत्रों से हजारों कार्यकर्ता के भाग लेने की संभावना है। नडडा के ये दौरा संगठन को मजबूती के साथ–साथ आने वाले राजनीतिक घटनाक्रम के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

झंडा दिवस

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम और बलिदान को नमन किया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सेना के साहस से राष्ट्र की रक्षा होती है और उनकी निस्वार्थ सेवा देशवासियों को उस ऋण की याद दिलाती है जिसे वे कभी चुका नहीं सकते। रक्षा मंत्री ने सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह योगदान सशस्त्र बलों के समर्पण का सम्मान है और उन्हें मज़बूत बनाता है। वर्ष 1949 से, 7 दिसंबर को शहीदों और सैनिकों के सम्मान में सशस्त्र सेना झंडा

दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

<u>सुधारीकरण</u>

तिब्बत सीमा को जोड़ने वाली 42 किलो मीटर लम्बी कडछम–सांगला–छितकुल सड़क मार्ग का सीमा सड़क संगठन द्वारा 30 करोड़ की लागत से सुधारीकरण किया जाएगा। सीमा सड़क संगठन ने सड़क सुधारने का कार्य शुरू कर दिया है। सड़क की हालत सुधरने से सांगला घाटी के 11 पंचायतों को फायदा होगा।

<u>संगठन ने सड़क के सुधारिकरण का कार्य शुरू कर दिया है जिला किन्नोर के सांगला घाटी के लोग लंबे समय से खस्ताहाल सड़क पर सफर करने को मजबूर थी इस साल जनवरी में यह सड़क लोक निर्माण विभाग से सीमा सड़क संगठन के अधीन हुई थी और घाटी के लोगों के साथ देश विदेश से आए पर्यटकों को बेहतर सड़क सुविधा मिले कि संगठन ने सड़क का कार्य शुरू कर दिया है सड़क के हालात सुधरने से 11 पंचायत के ग्रामीण देश के सीमा पर तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तथा भारतीय सेना समित देश विदेश से सांगला आने वाले पर्यटकों को आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी</u>

<u>मौसम</u>

प्रदेश में कड़ाके की ठंड के साथ अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। सुबह व शाम सर्द हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी स्रोत जमने शुरू हो गए हैं। प्रदेश के 20 क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि आज प्रदेश के ऊंचाई वाले कुछ स्थानों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।

*<u>7 तारी को फिर से हल्के बादल रहेंगे परंतु का उसका जो प्रभाव है जैसे वर्तमान में डिसटिक लाहौल स्पीति, चम्बा, कुल्ल है अपना वहीं 7 तारीख को हल्की बारिश व वर्षा हो सकती है वहीं 8 तारीख से मौसम मुख्यतः साफ बना रहेगा जो आउट लूक है इस वर्ष दिसम्बर माह उसमें सामान्य से कम वर्षा रहेगी ओर जो तापमान न्यूनतम तापमान है वही सभी समान्य से अधिक रहने की संभावना है जो न्यूनतम तापमान ताबो लाहौल में माइनस में तापमान रिकार्ड हो रहा है।</u>*

———————————